भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. †2814

दिनांक 05.08.2026 को उत्तर देने के लिए

खनिज ब्लॉक का पता लगाने और निगरानी करने के लिए ढांचा

†2814. श्री राधेश्याम राठियाः
श्री योगेन्द्र चांदोलियाः
श्री भोजराज नागः
श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः
श्री अनिल फिरोजियाः
श्री गोडम नागेशः
श्रीमती अपराजिता सारंगीः
श्रीमती मालविका देवीः
श्री भर्तृहरि महताबः
श्री बिभु प्रसाद तराईः
श्री नव चरण माझीः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) छत्तीसगढ़ के कांकेर और बालोद जिलों में खनन पट्टा समझौतों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद खनिज ब्लॉकों के विकास संबंधी लक्ष्यों का पता लगाने के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित की गई रूपरेखा का ब्यौरा क्या है और उक्त ढांचे के अंतर्गत अब तक निगरानी किए गए खनिज ब्लॉकों का ब्यौरा क्या है;
(ख) नीलाम किए गए खनिज ब्लॉकों की लाइव ट्रैकिंग और निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफार्म बनाने की स्थिति क्या है और कांकेर और बालोद जिलों के खनिज ब्लॉकों को उक्त प्लेटफार्म से कब तक जोड़े जाने की संभावना है; और
(ग) सरकार द्वारा खनन कार्यकलापों के प्रचालन में तेजी लाने के लिए पर्यावरण, वन और जिला खनिज फ़ाउंडेशन (डीएमएफ) की स्वीकृति जैसे अनिवार्य विनियामक अनुमोदनों को कारगर बनाने के लिए क्या ठोस उपाय किए जा रहे हैं और कांकेर जिले में कितने अनुमोदन लंबित हैं?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चंद्र दुबे)

(क) और (ख): खान मंत्रालय ने राज्य सरकारों के परामर्श से, खनिज (नीलामी) नियम, 2015 के नियम 25 के अंतर्गत, नीलामी से प्रचालन तक खनिज ब्लॉक के संपूर्ण जीवनचक्र की

निगरानी करने और ट्रैक करने के लिए एकीकृत खनन पोर्टल (यूएमपी) रूपरेखा विकसित की है। वर्तमान में, छत्तीसगढ़ के कांकेर और बालोद जिलों के 10 प्रमुख खनिज ब्लॉकों को यूएमपी में एकीकृत किया गया है और उनकी निगरानी पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। इन ब्लॉकों की स्थिति अनुलग्नक में दी गई है।

(ग): खान मंत्रालय ने, राज्य सरकारों के सहयोग से, छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नीलाम किए गए खनिज ब्लॉकों सहित सभी नीलाम खनिज ब्लॉकों के शीघ्र प्रचालन के लिए अनेक उपाय किए हैं। इनमें से प्रमुख उपाय निम्नलिखित हैं:

i. नीलाम किए गए ब्लॉकों की निरंतर निगरानी के लिए खान मंत्रालय में एक समर्पित परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) की स्थापना की गई है।

ii. सचिव (खान) की अध्यक्षता में खनिज ब्लॉकों की नीलामी और प्रचालन की प्रगति की निगरानी करने तथा सामने आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मासिक समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं।

iii. माननीय केंद्रीय खान मंत्री और सचिव (खान) की अध्यक्षता में खनन, वन, पर्यावरण, राजस्व विभागों के संबंधित अधिकारियों और संबंधित बोलीदाताओं के साथ राज्य-विशिष्ट समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं।

iv. प्रमुख खनिज राज्यों द्वारा बोली प्रक्रिया से पूर्व भूमि निर्धारण संबंधी मुद्दों को हल करने, बोलीदाताओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और शीघ्र प्रचालन को सुगम बनाने के लिए पूर्व-नीलामी समितियों का गठन किया गया है।

v. मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नीलाम की गई खानों के प्रचालन में आने वाली बाधाओं को दूर करने और उनके शीघ्र प्रचालन के लिए प्रमुख खनिज राज्यों द्वारा राज्य-स्तरीय समन्वय समितियों का गठन किया गया है।

vi. खनिज (नीलामी) नियम, 2015 में मध्यवर्ती समय-सीमा, अधिमानित बोलीदाता की स्वचालित घोषणा और आशय पत्र (एलओआई) का स्वचालित निर्गमन, बोलीदाताओं और राज्य सरकारों द्वारा होने वाली देरी के लिए जवाबदेही और शीघ्र प्रचालन हेतु वित्तीय प्रोत्साहन शुरू करने के लिए संशोधन किया गया है।

vii. 'राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना' (एससीएआई) के तहत, वित्त वर्ष 2025-26 में राज्य सरकारों को प्रमुख खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गति तेज करने और खानों के शीघ्र प्रचालन के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए गए हैं।

viii. मौजूदा खनन पट्टों में नए खनिजों को शामिल करने का प्रावधान, खनन पट्टा (एमएल)/समेकित अनुज्ञप्ति (सीएल) के लिए एकमुश्त क्षेत्र विस्तार, और ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस बढ़ाने के लिए कैप्टिव खानों से खनिजों की बिक्री पर प्रतिबंध हटाने सहित विधायी और नीतिगत सुधार किए गए हैं।

अनुलग्नक

'खनिज ब्लॉक का पता लगाने और निगरानी करने के लिए ढांचा' के संबंध में दिनांक **05.08.2026** को उत्तर देने के लिए लोक सभा अतारांकित संसदीय प्रश्न संख्या **2814** के भाग (क) और (ख) के उत्तर के संदर्भ में अनुलग्नक

क्र. सं.	ब्लॉक का नाम	जिला	खनिज	एमएल/सीएल	नीलामी की तिथि	एलओआई तिथि	टिप्पणी
1	दल्ली राजहरा	बालोद	लौह अयस्क ब्लॉक	एमएल	04.05.2022	08.09.2022	खनन योजना अनुमोदित
2.	कलवार	कांकेर	लौह अयस्क ब्लॉक	एमएल	06.05.2022	08.09.2022	खनन योजना अनुमोदित
3.	डोंडी	बालोद	लौह अयस्क ब्लॉक	सीएल	01.08.2022	27.01.2023	खनन योजना अनुमोदित
4.	ठाकुरटोला	बालोद	लौह अयस्क ब्लॉक	सीएल	03.08.2022	27.01.2023	सीएल पट्टा विलेख निष्पादित
5	लोहत्तर	कांकेर	लौह अयस्क ब्लॉक	सीएल	27.03.2023	05.10.2023	सीएल पट्टा विलेख निष्पादित
6	हाहालद्दी	कांकेर	लौह अयस्क ब्लॉक	सीएल	22.03.2023	04.10.2023	सीएल पट्टा विलेख निष्पादित
7	तुमरीसुर गार्डा-II	कांकेर	स्वर्ण ब्लॉक	सीएल	12.12.2023	17.03.2025	सीएल पट्टा विलेख निष्पादित
8	हाहालद्दी नॉर्थ एक्स्टेंशन	कांकेर	लौह अयस्क ब्लॉक	सीएल	28.03.2025	28.05.2025	सीएल पट्टा विलेख निष्पादित
9	सेम्हरडीह	बालोद	फॉस्फोराइट और चूना-पत्थर	सीएल	15.05.2025	02.09.2025	सीएल पट्टा विलेख निष्पादित
10	रायपुरा	बालोद	फॉस्फोराइट	सीएल	16.05.2025	02.09.2025	सीएल

			और चूना-पत्थर				पट्टा विलेख निष्पादित